भा.श्री.अनु.सं.
क्रम सं. 241 नवंबर, 2023

# श्री अन्न
## समाचार पत्र

IIMR
भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Millets Research
हैदराबाद * सोलापुर * वरंगल

भाकृअनुप—भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, राजेन्द्र नगर, हैदराबाद - 500 030, तेलंगाना, भारत




### अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज सम्मेलन 5.0 (आईएनसीसी)

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान (भाश्रीअनुसं) ने 27-28, नवंबर 2023 के दौरान नोवोटेल, एचआईसीसी, हाई-टेक सिटी, हैदराबाद, भारत में "श्री अन्न को 2023 व उसके बाद भी मुख्य धारा में लाना" विषय पर अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज सम्मेलन (आईएनसीसी) 5.0 का आयोजन किया। भारत सरकार द्वारा जागरूकता अभियानों से प्राप्त परिणामों को साकार करने हेतु श्री अन्न मूल्य शृंखला की प्रतिकृति एवं सर्वोत्तम प्रथाओं को आगे बढ़ाकर, 2023 के बाद कार्य-योजनाओं हेतु नीति तैयार के लिए सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में शामिल कई तकनीकी सत्र, पैनल चर्चा, गोलमेज सम्मेलन, कॉर्पोरेट प्रस्तुतियाँ, निवेशक बैठक और पिच सत्र, पाक-कला प्रदर्शन, नवोद्यम प्रदर्शनियाँ, के अलावा अन्य कार्यक्रम जैसे श्री अन्न संग रसोई-एक चुनौती, रोड शो सम्मेलन का आकर्षण का केंद्र रहे।




इस सम्मेलन में 19 विभिन्न देशों के प्रतिनिधि एक साथ आने के कारण यह सम्मेलन अत्यधिक महत्वपूर्ण है। डॉ. बी दयाकर राव, मु.का.अधिकारी, न्यूट्रीहब, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने स्वागत भाषण दिया, तत्पश्चात डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती, निदेशक भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने प्रारंभिक टिप्पणियां दीं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भारत में एफएओ प्रतिनिधि श्री ताकायुकी हागिवारा के साथ डॉ. सुरेश कुमार चौधरी, उप महानिदेशक (एनआरएम), भाकृअनुप ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई एवं अध्यक्षीय भाषण दिया। सुश्री एलिज़ाबेथ फॉरे कंट्री डायरेक्टर डब्ल्यूएफपी इंडिया, डॉ. विक्टर अफ़ारी-सेफ़ा निदेशक ग्लोबल रिसर्च प्रोग्राम इक्रिसेट तथा और डॉ. डी के यादव सहायक महानिदेशक (बीज) भाकृअनुप सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (भाकृअनुप) के उच्च अधिकारी व वैज्ञानिक, इक्रिसेट, विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी इंडिया) के शीर्ष अधिकारी और नेस्ले, ब्रिटानिया, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, पेप्सिको, बुहलर, केलॉग्स और आईटीसी के उद्योग प्रमुख भी उपस्थित थे।




इस सम्मेलन में भारतीय राज्य मिलेट मिशनों, नवोद्यमियों, प्रदर्शकों, उद्यमियों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजीएस), किसान उत्पादक संगठनों (किउसं), पोषण विशेषज्ञों और आहार विशेषज्ञों सहित लगभग 850 हितधारकों ने भाग लिया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम ने श्री अन्न को 2023 के बाद भी मुख्यधारा पारिस्थितिकी तंत्र में लाने के लिए भारत और विदेश के पारिस्थितिकी तंत्र के प्रमुख लोगों को आकर्षित किया, जिन्होंने विभिन्न उपायों पर विचार-विमर्श किया व सुझाव दिए। आईएनसीसी 5.0 में श्री अन्न क्षेत्र में नवाचारों को प्रदर्शित कर रही एक प्रदर्शनी लगाई गई। देश भर के विभिन्न राज्यों से 52 से अधिक नवोद्यमियों ने प्रदर्शनी में भाग लिया और अपने-अपने नवीन उत्पादों एवं प्रौद्योगिकियों को प्रस्तुत किया। इसके अलावा, 15 राज्य सरकारों ने, बैंकिंग संस्थानों, गैर सरकारी संगठनों और एसएचजी सहित विभिन्न विभागों के साथ, श्री अन्न की खेती,

प्रसंस्करण तथा विपणन को बढ़ावा देने में अपनी पहल पर प्रकाश डालते हुए प्रदर्शनी में स्टॉल लगाए।

समापन समारोह के दौरान डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन, तेलंगाना के माननीय राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं तथा डॉ. तिलक राज शर्मा, उपमहानिदेशक (फसल विज्ञान), भाकृअनुप ने अध्यक्षता की। समारोह में भाग लेने वाले अन्य गणमान्य व्यक्तियों में प्रो. विजय पॉल शर्मा, कृषि लागत और मूल्य आयोग (सीएसीपी) के अध्यक्ष, डॉ. अरबिंद पाडे, ओडिशा सरकार के प्रधान सचिव, प्रोफेसर (डॉ.) विकास भाटिया, निदेशक, एम्स, बीबीनगर, डॉ. आर मधुसूदन, परियोजना समन्वयक, ज्वार और श्री अन्न पर अभासअनुप शामिल थे।

**"ओईसीडी बीज प्रमाणन : ज्वार, श्री अन्न तथा मक्का" पर अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण**

भारत-जर्मन द्विपक्षीय सहयोग के तत्वावधान में बीज क्षेत्र के विकास पर भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा 3-7 नवंबर, 2023 के दौरान "ओईसीडी बीज प्रमाणन : ज्वार, बाजरा और मक्का" पर एक अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उद्घाटन सत्र में, डॉ. के बी आर एस विशारदा, प्रभारी निदेशक, भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने सभा में उपस्थित लोगों का स्वागत किया तथा उद्घाटन भाषण दिया। उन्होंने भारत की श्री अन्न निर्यात संभावनाओं को बढ़ाने हेतु ओईसीडी बीज प्रमाणन के महत्व पर बल दिया। प्रशिक्षण में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश व कर्नाटक राज्यों के बीज प्रमाणन विभाग के अधिकारियों एवं बीज उद्योग के प्रतिनिधियों सहित कुल 24 प्रतिभागियों ने भाग लिया।




प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में सभी बीज योजनाओं के सामान्य नियम और विनियम, किस्मों हेतु पात्रता मानदंड; बीज, फसल की श्रेणियां निरीक्षण व नियंत्रण भूखंड; बीज प्रतिचयन का परिचय, प्रतिचयन विधियां, प्रतिचयन कम करने की विधियां, विभाजकों का सत्यापन, लेबलिंग एवं सीलिंग- रंग कोडिंग, ओईसीडी लेबल के उदाहरण, लेबल तथा ओईसीडी किस्म प्रमाणपत्रों पर आवश्यक जानकारी, सीलिंग विधियां शामिल ओईसीडी बीज योजनाओं के नियमों और विनियमों का अवलोकन शामिल था। भाश्रीअनुसं में बाजरा, ज्वार व मक्का के बीज हेतु ओईसीडी योजना, क्षेत्र निरीक्षण तथा विविधता विवरणों का वर्णन व प्रदर्शन किया गया।

प्रशिक्षण में बीज गोदाम/प्रयोगशाला में व्यावहारिक प्रतिचयन/विभाजन पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक अनुभव व गहन जानकारी भी प्रदान की गई। प्रशिक्षण में बीज प्रतिचयन व प्रक्षेत्र प्रतिचयन सीखने तथा अभ्यास हेतु गंगा कावेरी सीड्स, मेडचल के प्रक्षेत्र और प्रयोगशाला का दौरा शामिल था।

डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं के मार्गदर्शन में, डॉ. सूगण्ण, अविनाश सिंगोडे, रघुनाथ कुलकर्णी और बी वेंकटेश भट्ट ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया। जर्मन की ओर से श्री एक्केहार्ड श्रोएडर, दल प्रमुख, एडीएच प्रोजेक्ट कंसल्टिंग, जर्मनी और डॉ. राघवेंद्र कवली, राष्ट्रीय समन्वयक, इंडो-जर्मन सीड सेक्टर डेवलपमेंट एडीटी प्रोजेक्ट कंसल्टिंग समन्वयक थे। डॉ. राघवेंद्र कवली, राष्ट्रीय समन्वयक इंडो-जर्मन बीज क्षेत्र विकास ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

**श्री अन्न अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन - ओडिशा**

ओडिशा सरकार ने भुवनेश्वर के जनता मैदान में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के तकनीकी सहयोग से 9-10 नवंबर 2023 के दौरान श्री अन्न पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (आईसीएम) 2023 का ओयजन किया। ओडिशा के माननीय मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक ने पौधा लगाकर "श्री अन्न-आधुनिक चुनौतियों के लिए प्राचीन अनाज" विषय पर सम्मेलन का उद्घाटन किया। राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय अतिथियों का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री अन्न पारंपरिक अनाज हैं तथा जलवायु प्रतिरोधी व पोषण का अगाद भंडार है। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासकों सहित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि



उपस्थित थे। इस अवसर पर भाकृअनुप के महानिदेशक डॉ. हिमांशु पाठक ने कहा कि भाकृअनुप श्री अन्न की वृद्धि के लिए हर संभव सहायता प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भाकृअनुप ने पिछले 5 वर्षों में 9 श्री अन्न की 125 किस्में विकसित की हैं। डॉ. (श्रीमती) तारा सत्यवती, निदेशक भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 25 वैज्ञानिक और 5 परियोजना कर्मचारी शामिल भाश्रीअनुसं दल के साथ ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।



डॉ. (श्रीमती) तारा सत्यवती, निदेशक-भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया और "अगले 10 वर्षों हेतु श्री अन्न पर नीति रोड मैप" पर गोलमेज बैठक में विचार साझा किए। उन्होंने "बीज से भोजन तक उभरती प्रौद्योगिकियों" पर सत्र की अध्यक्षता की और "श्री अन्न में उच्च उपज देने वाली किस्मों एवं मशीनीकरण के विकास" पर व्याख्यान दिया और चर्चा के बाद आयोजित सत्र पर अध्यक्ष की टिप्पणियां प्रस्तुत कीं। डॉ. वेंकटेश भट, भाश्रीअनुसं ने "श्री अन्न का उत्पादन व उत्पादकता संवर्धन" पर आयोजित सत्र की अध्यक्षता की। दूसरे दिन, निदेशक, भाश्रीअनुसं ने "उपभोक्ता व्यवहार और आहार परिवर्तन" पर सत्र की अध्यक्षता की और "पारंपरिक एवं जनजातीय खाद्य प्रणाली : स्वदेशी ज्ञान प्रथाएं और बदलते परिदृश्य" पर आधार व्याख्यान दिया। डॉ. बी दयाकर राव, प्रधान वैज्ञानिक - भाश्रीअनुसं और मु.का.अधिकारी-न्यूट्रिहब ने श्री अन्न प्रसंस्करण व मूल्य शृंखला हेतु समर्पित सत्र की सह-अध्यक्षता की और इस बात पर प्रकाश डाला कि भविष्य में पोषण सुरक्षा प्राप्त करने में श्री अन्न महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

सम्मेलन में किसान सहभागिता गतिविधियाँ, उभरती प्रौद्योगिकियों और मशीनरी का प्रदर्शन, केंद्रों के अनुभव, तकनीकी सत्र, नीति गोलमेज सम्मेलन, बी2बी बैठकें, अंतर्राष्ट्रीय खाद्य उत्सव, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, पाक-कला प्रतियोगिताएं और कई अन्य विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श हेतु बल दिया गया। इस कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रदर्शनी में भाश्रीअनुसं-हैदराबाद और इसके समर्थित किउसं ने अपने श्री अन्न मूल्य वर्धित उत्पादों और प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया।

### पीजीआरसी की बैठक

डॉ. तिलक राज शर्मा, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) की अध्यक्षता तथा डॉ. डी के यादव, सहायक महानिदेशक (बीज), डॉ. एस के प्रधान, सहायक महानिदेशक (खाद्य एवं चारा फसल) जैसे विशेषज्ञों और विभिन्न भाकृअनुप संस्थान के निदेशकों की उपस्थित में 22 नवंबर 2023 को पीजीआरसी की 51वीं बैठक आयोजित की गई। डॉ. जी पी सिंह, निदेशक, रा.पा.आ.सं.ब्यू, नई दिल्ली के द्वारा बैठक का समन्वयन किया गया और डॉ. अंजु महेंद्र सिंह, अध्यक्ष, जननद्रव्य संरक्षण प्रभाग, भाकृअनुप-रा.पा.आ.सं.ब्यू, नई दिल्ली इस बैठक के संयोजक थे। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद से, डॉ. के बी आर एस विशारदा, प्रभारी निदेशक, डॉ. अरुणा सी, अध्यक्ष, आईजीआईसी, डॉ. अमसिद्ध बी, सदस्य सचिव, आईजीआईसी तथा डॉ. कर्णम वेंकटेश, अध्यक्ष, जीन संग्रह ने बैठक में भाग लिया। कुल 61 नए अनुप्रयोगों और 4 स्थगित अनुप्रयोगों की जांच की गई, जिनमें से उच्च लौह व जिंक सामग्री युक्त, मृदुरोमिल आसिता प्रतिरोध हेतु चिह्नित बाजरा के दो अनुप्रयोगों की भी जांच की गई, और बाजरा आनुवंशिक भंडार के दोनों अनुप्रयोगों अर्थात, जे-2648 (आईसी023147) व जे-2571 (आईसी 023149) को भाकृअनुप-रा.पा.आ.सं.ब्यू, नई दिल्ली के साथ पंजीकरण के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया।

### अभाआसं, बीबीनगर में श्री अन्न जागरूकता अभियान



भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद से डॉ. ए श्रीनिवास, श्रीमती पी हेमशंकरी, वैज्ञानिक, डॉ. महेश कुमार, सहॉयक मुख्य तकनीकी अधिकारी (राजभाषा) एवं श्री उत्तेज, वरि.शो. अध्येता शामिल दल ने मानव स्वास्थ्य रक्षकों के बीच श्री अन्न के बारे में जागरूकता पैदा करने और वैश्विक पोषक अनाज सम्मेलन 5.0 (आईएनसीसी 0.5) को बढ़ावा देने के लिए 15 नवंबर, 2023 को भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान संस्थान, बीबीनगर का दौरा किया। दल ने अभाआसं, बीबीनगर के निदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास भाटिया से भेंट की और उन्हें 27-28 नवंबर, 2023 के दौरान आयोजित होने वाले आईएनसीसी 5.0 में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया। दल ने डॉ. अभिषेक जगदीशचंद्र अरोड़ा, प्रोफेसर और प्रमुख, रेडियोडायग्नोसिस और चिकित्सा अधीक्षक तथा डॉ. विशाखा जैन, अतिरिक्त प्रोफेसर और मेडिसिन प्रमुख, उप चिकित्सा

अधीक्षक और नोडल अधिकारी-आईवाईएम से भी भेंट की तथा श्री अन्न के स्वास्थ्य संबंधी पहलुओं पर भावी अनुसंधान सहयोग के बारे में चर्चा की। दल ने 200 से ज्यादा स्वास्थ्य संकाय एवं छात्रों के बीच आईएनसीसी 5.0 को भी बढ़ावा दिया और उन्हें भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा खाने के लिए तैयार श्री अन्न के मूल्यवर्धित उत्पादों के नमूने भी आस्वादन हेतु वितरित किए गए। सभी ने मूल्यवर्धित उत्पादों और मूल्य शृंखला निर्माण के साथ श्री अन्न को बढ़ावा देने हेतु भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के प्रयासों की सराहना की। डॉ. महेश कुमार ने उक्त दौरे का समन्वय किया।

**उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) का दौरा**



डॉ. तिलक राज शर्मा, उप महानिदेशक (फसल विज्ञान), भाकृअनुप ने श्री अन्न अनुसंधान कार्यों के निरीक्षण हेतु 29 नवंबर, 2023 को भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान का दौरा किया। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की निदेशक डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती ने उन्हें संस्थान की वर्तमान गतिविधियों और खाद्य प्रसंस्करण प्रयोगशाला में विकसित श्री अन्न प्रसंस्करण व मूल्य वर्धित प्रौद्योगिकियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उत्कृष्टता केंद्र और न्यूट्रीहब तथा टीबीआई का दौरा किया। वे भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के अनुसंधान मॉडल से प्रभावित हुए और संस्थान की उपलब्धियों के लिए उत्कृष्ट योगदान हेतु भाश्रीअनुसं दल को बधाई दी।

**मीठी ज्वार फसल का अनुवीक्षण**

जैव ईंधन उत्पादन के लिए मीठी ज्वार को बढ़ावा देने हेतु, भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद और पानी फाउंडेशन, मुंबई ने 2021 के दौरान तीन वर्षीय समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके भाग के रूप में, भाश्रीअनुसं के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. ए वी उमाकांत ने खरीफ 2023 का दौरा किया। इस्लाक गांव, अहमदनगर जिला, महाराष्ट्र में पानी फाउंडेशन के द्वारा 3 नवंबर, 2023 को मीठी ज्वार का परीक्षण किया गया तथा कटाई एवं कटाई उपरांत संचालन के बारे में सलाह दी गई। मीठी ज्वार के जीनप्ररूपों की अभिव्यक्ति बहुत अच्छी थी।

**"श्री अन्न संवर्धन" पर गोलमेज चर्चा**

भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद ने 24 नवंबर, 2023 को "भाकृअनुप/अन्य संस्थानों द्वारा श्री अन्न को बढ़ावा देना तथा 2023 के बाद भी श्री अन्न को बढ़ावा देने हेतु कार्य-नीतियों" पर एक गोलमेज चर्चा का आयोजन किया। सभी स्थानीय भाकृअनुप संस्थान के निदेशक/प्रतिनिधि व अन्य संस्थानों को प्रमुखों/ प्रतिनिधियों ने बैठक में भाग लिया। डॉ. (श्रीमती) तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं ने उन्हें 27-28 नवंबर 2023 के दौरान आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज सम्मेलन (आईएनसीसी) 5.0 के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हैदराबाद इंस्टीट्यूशनल हब के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष - 2023 : व उसके बाद भी, के आलोक में श्री अन्न प्रचार कार्यक्रमों का हिस्सा बनने का भी आग्रह किया।




**जकार्ता, इंडोनेशिया में निदेशक,भाश्रीअनुसं**




डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाश्रीअनुसं ने कृषि और किसान कल्याण विभाग, नई दिल्ली के निमंत्रण पर भारत से भारतीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से को रूप में 22-23 नवंबर, 2023 के दौरान जकार्ता, इंडोनेशिया में आयोजित एशियन-भारत श्री अन्न महोत्सव में भाग लिया। डॉ. तारा सत्यवती ने श्री अन्न में डोमेन विशेषज्ञ के रूप में तकनीकी मुद्दों पर चर्चा के साथ-साथ "श्री अन्न का जलवायु लचीलापन" पर पैनल चर्चा 2 में भी भाग लिया। उन्होंने पैनल चर्चा 2 के दौरान अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएँ प्रदान कीं।

**प्रदर्शनियां**

**वर्ड फूड इंडिया, नई दिल्ली**




वर्ष 2023 को अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष के रूप में मनाने एवं वैश्विक खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को एक साथ लाने के मद्देनजर, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, नई दिल्ली ने प्रगति मैदान में 3-5 नवंबर, 2023 के दौरान 'वर्ल्ड फूड इंडिया 2023' के दूसरे संस्करण का आयोजन किया। डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती, निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया तथा भावी सामूहिक उद्यमों पर विभिन्न हितधारकों के साथ चर्चा की। डॉ. संगप्पा, डॉ. ए श्रीनिवास, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं और भाश्रीअनुसं के किउसं नेस्ट दल ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं प्रदर्शनी स्टाल का समन्वय किया तथा भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में विकसित श्री अन्न के मूल्य वर्धित उत्पादों का प्रदर्शन किया। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के द्वारा प्रवर्तित दो किउसं - कर्नाटक के जेवर्गी किउसं और निडगुंदी किउसं ने भी *वर्ड फूड इंडिया* में भाग लिया और अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया।

### कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बेंगलुरु द्वारा आयोजित **कृषि मेला -2023**

कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बैंगलोर ने 17-20 नवंबर 2023 के दौराव जीकेवीके परिसर, बैंगलोर में 'खाद्य-स्वास्थ्य-आय के लिए श्री अन्न' विषय पर कृषि मेला-2023 का आयोजन किया। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं एवं अपने प्रवर्तित किउसं द्वारा विकसित श्री अन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस किसान मेले में कुल मिलाकर 15.6 लाख आगंतुक आए, जिनमें अधिकांश किसान थे, जिन्होंने बीज, पौधे, श्री अन्न, मुर्गी पालन संबंधी सामग्री आदि खरीदीं।

### आईएनसीसी 5.0, हैदराबाद में भाश्रीअनुसं स्टॉल




भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान के द्वारा नोवोटेल, एचआईसीसी, हाई-टेक सिटी, हैदराबाद, भारत में 27-28 नवंबर 2023 के दौरान "मेनस्ट्रीमिंग मिलेट्स नाउ एंड बियॉन्ड 2023" विषय पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज सम्मेलन (आईएनसीसी) 5.0 में श्री अन्न प्रदर्शनी स्टाल लगाया गया। नई दिल्ली और अन्य राज्यों के प्रतिनिधियों, आगंतुकों, गणमान्य व्यक्तियों, छात्रों और उद्यमियों सहित 1500 से अधिक लोगों ने संस्थान के स्टॉल का दौरा किया। न्यूट्रिहब दल ने विभिन्न आगंतुकों के साथ बातचीत की और व्यावसायीकरण एवं लाइसेंसिंग प्रक्रियाओं के बारे में बताया। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं स्टॉल का प्रबंधन डॉ. स्टेनली, वरिष्ठ वैज्ञानिक और भाश्रीअनुसं के न्यूट्रिहब कार्मिकों के द्वारा किया गया।

### श्री एस राम मूर्ति के द्वारा निजी सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण



परिषद के पदोन्नति आदेशानुसार, भारतीय चावल अनुसंधान संस्थान, हैदराबाद में वैयक्तिक सहायक के रूप में कार्यरत **श्री एस राम मूर्ति** ने 10 नवंबर, 2023 को भाश्रीअनुसं, हैदराबाद में निजी सचिव के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। उनका मेल आईडी ramamurthy@millets.res.in है। *श्री अन्न परिवार उनका हार्दिक स्वागत करता है !*

### पदोन्नति



परिषद के पदोन्नति आदेशानुसार, **श्रीमती ए उषा रानी,** वैयक्तिक सहायक को निजी सचिव के रूप में पदोन्नत किया गया है। उन्होंने नए पद पर 10 नवंबर, 2023 को कार्यभार ग्रहण किया। *श्री अन्न परिवार उन्हें हार्दिक वधाई देता है !*

### ज्वार व श्री अन्न हेतु नए परियोजना समन्वयक



कृ.वै.च.मं., के चयनानुसार, परिषद के द्वारा **डॉ. आर मधुसूदन,** प्रधान वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं को ज्वार तथा श्री अन्न पर अभासअनुप का परियोजना समन्वयक नियुक्त किया गया है। उन्होंने 10 नवंबर, 2023 को नए पद पर कार्यभार ग्रहण किया। *श्री अन्न परिवार उन्हें हार्दिक वधाई देता है !*

### व्याख्यान

**डॉ. पी. संजना रेड्डी** , प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने 3 नवंबर 2023 को तेलंगाना महिला विश्वविद्यालय द्वारा

आयोजित "श्री अन्न के संग खाद्य एवं पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करना" पर एक आमंत्रित व्याख्यान दिया, जिसमें संकाय, स्नातक तथा स्नातकोत्तर के छात्रों ने भाग लिया।

**डॉ. (श्रीमती) सी तारा सत्यवती** , निदेशक, भाश्रीअनुसं ने भुवनेश्वर में 9 -10 नवंबर 2023 को आयोजित श्री अन्न-ओडिशा के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में "उपभोक्ता व्यवहार और आहार परिवर्तन" सत्र की अध्यक्षता की तथा "पारंपरिक और जनजातीय खाद्य प्रणाली : स्वदेशी ज्ञान प्रथाएं और बदलते परिदृश्य" पर आधार व्याख्यान दिया।

**डॉ. संगप्पा**, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने 17 से 20 नवंबर 2023 के दौरान जीकेवीके परिसर, बैंगलोर में 'खाद्य-स्वास्थ्य-आय के लिए श्री अन्न' विषय पर आयोजित कृषि मेला-2023 में श्री अन्न, श्री अन्न मूल्य शृंखला और श्री अन्न किउसं पर व्याख्यान दिया।

**डॉ. पी. संजना रेड्डी**, प्रधान वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने 21 नवंबर 2023 को आभासी रूप में आयोजित कृषि फसलों हेतु फसल मानकों, अधिसूचना एवं किस्मों के लोकार्पण पर आयोजित केंद्रीय उप-समिति की 91 वीं बैठक में 6 राष्ट्रीय एवं 3 राज्य स्तर पर बाजरा लोकार्पण प्रस्तावों को प्रस्तुत किया और उनके पक्ष में बात रखी।

**डॉ. अनुराधा नरेला**, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने 21 नवंबर, 2023 को कृषि अध्ययन केंद्र, एनआईआरडीपीआर, हैदराबाद में कृषि और ग्रामीण विकास विभाग, एसआरएलएम और किसान उत्पादक संगठनों के मु.का.अधिकारी के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में "श्री अन्न आधारित मूल्य शृंखला विकास के विशिष्ट पहलू" पर व्याख्यान दिया।

**डॉ. संगप्पा**, वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने भाकृअनुप-सीसीएआरआई, गोवा में 22-24 नवंबर 2023 को "लचीली उत्पादन प्रणालियां और आजीविका सुरक्षा के लिए जलवायु स्मार्ट कृषि विज्ञान" पर XXII द्विवार्षिक संगोष्ठी के उप-विषय "मानव और पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिए श्री अन्न" में "जलवायु लचीले श्री अन्न में ग्रामीण उद्यमिता बढ़ाने के लिए किसान उत्पादक संगठन" पर व्याख्यान दिया।

**डॉ. जिनु जेकब** , वैज्ञानिक (वरिष्ठ वेतनमान), कृषि जैव-प्रौद्योगिकी ने 30 नवंबर, 2023 को वनस्पति विज्ञान विभाग, मर्सी कॉलेज, पलक्कड़, केरल द्वारा आयोजित तथा केरल राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रायोजित मिलेट्स-फॉर डेली लाइफ न्यूट्री-सप्लीमेंट पर 2-दिवसीय कार्यशाला में 'श्री अन्न के पोषण एवं पौष्टिक-औषधीय गुण' विषय पर ऑनलाइन व्याख्यान दिया।

## आगंतुक

### अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि



श्री एंड्रयू फॉरेस्ट, श्री कॉलिन लेउंग, सुश्री इशिता प्रमाणिक, उपभोक्ता और संवेदी वैज्ञानिक, कृषि-खाद्य और डेटा विज्ञान, कृषि और मत्स्य पालन विभाग, क्वींसलैंड सरकार तथा ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग से सुश्री स्वेता प्रभाकर - विदेशी प्रतिनिधियों ने 07 नवंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया। भाश्रीअनुसं की निदेशक डॉ. सी तारा सत्यवती ने उन्हें अनुसंधान और वैज्ञानिक उत्पादन को बढ़ाने के लिए भाश्रीअनुसं में संचालित अनुसंधान गतिविधियों, कार्य-योजनाओं और अनुवीक्षण तकनीकों के बारे में बताया। दल को न्यूट्रीहब, उत्कृष्टता केंद्र, प्रौद्योगिकी व्यवसाय उष्मायक (टीबीआई) और अन्य श्री अन्न प्रसंस्करण सुविधाओं का दौरा कराया गया। उन्हें भाश्रीअनुसं द्वारा विकसित अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों, श्री अन्न प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों और मूल्य शृंखला के बारे में जानकारी प्रदान की गई।

### प्रतिष्ठित आगंतुक



**श्री राजीव लाल**, संयुक्त सचिव (प्रशा व त.सेवा), भाकृअनुप, नई दिल्ली ने 01 नवंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया। डॉ. बी दयाकर राव, प्रभारी निदेशक ने उन्हें संस्थान में संचालित अनुसंधान गतिविधियों एवं श्री अन्न मूल्य-वर्धन प्रौद्योगिकियों तथा व्यवसायीकरण गतिविधियों के बारे में जानकारी

प्रदाव की। श्री राजीव लाल ने उत्कृष्टता केंद्र, प्रसंस्करण केंद्रों, तथा पोषण केंद्र सुविधाओं का दौरा भी किया तथा श्री अन्न आधारित उत्पादों के विकास, प्रसार एवं विपणन में भाश्रीअनुसं के प्रयासों की सराहना की। श्रीमती ऋतु दलाल, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं डॉ. जे स्टेनली, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने इस दौरे का समन्वय किया।



**डॉ. ए गोपाल कृष्णा**, निदेशक, भाकृअनुप-केंद्रीय समुद्री मात्स्यिकी अनुसंधान संस्थान (सीएमएफआरआई), कोची, केरल ने 16 नवंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया। डॉ. सी तारा सत्यवती, निदेशक ने उन्हें संस्थान में संचालित अनुसंधान गतिविधियों से अवगत कराया। उन्हें उत्कृष्टता केंद्र, पोषण केंद्र तथा अन्य श्री अन्न प्रसंस्करण सुविधाओं का दर्शन भी कराया गया। उत्कृष्टता केंद्र के कार्मिकों ने उनके समक्ष प्रयोगशाला की सभी सुविधाओं का प्रदर्शन किया। वे भाश्रीअनुसं द्वारा विकसित श्री अन्न प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों तथा मूल्य शृंखला से अत्यधिक प्रभावित हुए।

## कृषि अधिकारियों का भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं दौरा

ओडिशा के कुल 25 कृषि अधिकारियों ने 1 नवंबर 2023 को ज्ञानवर्धन दौरे के भाग के रूप में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। इस यात्रा के दौरान, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिक डॉ. संगप्पा ने श्री अन्न उत्पादन में नवीनतम तकनीकों के बारे में बताया तथा भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद में श्री अन्न प्रसंस्करण हेतु उपलब्ध प्रौद्योगिकियों का दर्शन कराया।

## छात्र

ओडिशा कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (ओयूएटी), भुवनेश्वर के लगभग 80 छात्रों ने अपने शैक्षिक दौरे के भाग के रूप में, श्री अन्न मूल्य वर्धन व प्रौद्योगिकी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए 08 नवंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद का दौरा किया। डॉ. ए श्रीनिवास, भाश्रीअनुसं ने इस यात्रा का समन्वयन किया।



मैनेज, हैदराबाद के "कृषि स्टार्टअप और कृषि व्यवसाय पर उद्यमिता विकास कार्यक्रम" कार्यक्रम के अंतर्गत चौधरी चरण सिंह, हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, हरियाणा के कुल 60 विज्ञान स्नातक छात्रों ने 1 नवंबर, 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं का दौरा किया। सभी छात्रों ने जीन संग्रह, प्राथमिक और माध्यमिक प्रसंस्करण इकाइयों, उत्कृष्टता केंद्र, पोषण केंद्र एवं प्रक्षेत्रों का दौरा किया। डॉ. अनुराधा नरेला, वरिष्ठ वैज्ञानिक, भाश्रीअनुसं दौरे का समन्वयन किया।

## किउसं समाचार

### एएसआर जिले के संयुक्त कलेक्टर के साथ बैठक

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं प्रवर्तित एएसआर जिले के किउसं ने 2 नवंबर 2023 को संयुक्त कलेक्टर से भेंट की तथा राज्य सरकार के समर्थन से किउसं से रागी खरीद के बारे में चर्चा की। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं की किउसं-नेस्ट दल और गिरी सिरी और लांबासिंगी के मु.का.अधिकारी ने बैठक में भाग लिया और रागी खरीद केंद्र में अपनी रुचि व्यक्त की।



### एपीसीएनएफ दल द्वारा श्री मत्स्य देवता किउसं का दौरा

संयुक्त कृषि निदेशक, आंध्र प्रदेश सामुदायिक प्राकृतिक खेती (एपीसीएनएफ) के जिला परियोजना प्रबंधक एवं कृषि अधिकारी ने 2 नवंबर 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा प्रवर्तित श्री मत्स्य देवता किउसं के श्री अन्न प्रक्षेत्रों का दौरा किया और श्री अन्न में प्राकृतिक खेती तकनीकों को अपनाने के महत्व को समझाया।

**श्री अन्न बीज का वितरण**

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद ने 3 नवंबर 2023 को श्री अन्न किस्मों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए ओडिशा राज्य के कृषि अधिकारियों को निःशुल्क श्री अन्न बीज वितरित किए। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के वैज्ञानिक डॉ. संगप्पा, श्री के श्रीनिवास बाबू ने इस बैठक का समन्वय किया।

**मेगा मिलेट महोत्सव 2023**

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय ने 5 - 7 नवंबर 2023 के दौरान राजघाट दिल्ली में "श्री अन्न महोत्सव" का आयोजन किया। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रवर्तित जेवर्गी किउसं ने उक्त महोत्सव में भाग लिया और अपने श्री अन्न उत्पादों का प्रदर्शन किया।

**वर्ड फ़ूड इंडिया, नई दिल्ली में प्रदर्शनी**

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं द्वारा प्रवर्तित दो किउसं जेवर्गी और निडगुंदी) ने 3-5 नवंबर 2023 को प्रगति मैदान, नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया में भाग लिया और अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया। डॉ. सी. तारा सत्यवती (निदेशक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं), डॉ. संगप्पा (वैज्ञानिक, भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं), डॉ. श्रीनिवास ए और किउसं नेस्ट दल ने कार्यक्रम में भाग लिया और किउसं में उपलब्ध श्री अन्न के मूल्य वर्धित उत्पादों का प्रदर्शन किया।

**सतर्कता जागरूकता बैठक**

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के किउसं-नेस्ट दल ने भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद द्वारा प्रवर्तित निडगुंदी किउसं में 9 नवंबर 2023 को "भ्रष्टाचार को ना कहें और राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध रहें" विषय पर  सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया, जिसका था ।

**आं.प्र. एवं तेलंगाना किउसं हेतु समीक्षा बैठक**

किउसं नेस्ट दल ने 10 नवंबर 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं द्वारा प्रवर्तित आंध्र प्रदेश व तेलंगाना किउसं की मासिक समीक्षा बैठक की। इस समीक्षा के दौरान किउसं के मु.का.अधिकारी तथा निदेशक मंडल के साथ एमआईएस पोर्टल में किसानों के विवरण का अद्यतन करने, सदस्यता शुल्क जुटाने, किउसं द्वारा की जाने वाली व्यावसायिक गतिविधियों पर चर्चा की गई।

**आंध्र प्रदेश में सीएसएस कार्यक्रम के अंतर्गत नाबार्ड प्रवर्तित किउसं द्वारा विपणन व मूल्य वर्धन पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम**

एपीएमएएस ने नाबार्ड, आं.प्र. आरओ की सहायता से 14-18 नवंबर 2023 के दौरान कृषि वस्तुओं के विपणन और मूल्यवर्धन पर प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण (टीओटी) कार्यक्रम आयोजित किया। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद की किउसं नेस्ट दल से श्रीमती चांदिनी ने इन 5 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लिया और विपणन, वित्त और मूल्य वर्धन की अवधारणाओं पर जानकारी प्राप्त की।

**राष्ट्रीय काजू दिवस**

राष्ट्रीय काजू दिवस के भाग के रूप में, एपीडा और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आंध्र प्रदेश काजू निर्माता संघ (एपीसीएमए) के द्वारा 23 नवंबर 2023 को एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों के वक्ताओं ने काजू खरीद और उन्हें दूसरे देशों में निर्यात करने के बारे में जानकारी प्रदान की। इस बैठक में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, किउसं सदस्यों के साथ विशाखापत्तनम के डीडीएम (नाबार्ड) ने भाग लिया।

**भाकृअनुप- भाश्रीअनुसं दल के द्वारा भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं द्वारा प्रवर्तित श्री मत्स्य देवता किउसं का दौरा**

भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के श्री के श्रीनिवास बाबू और किउसं नेस्ट दल ने 24 नवंबर 2023 को भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के द्वारा प्रवर्तित आंध्र प्रदेश किउसं का दौरा किया तथा किउसं की व्यावसायिक गतिविधियों पर चर्चा की और बाजरा में व्यापार के अवसरों के बारे में बताया तथा श्री अन्न खरीद और प्रसंस्करण केंद्र की स्थापना के बारे में चर्चा की।

**भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के सहयोग से राग्राविपंरासं के द्वारा "श्री अन्न मूल्य शृंखला विकास" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम**

राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायतीराज संस्थान (राग्राविपंरासं), हैदराबाद व भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं ने संयुक्त रूप से 20-24 नवंबर, 2023 के दौरान "श्री अन्न मूल्य शृंखला विकास" पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान, श्री अन्न के उत्पादन, प्रसंस्करण एवं मूल्य शृंखला; श्री अन्न के स्वास्थ्य लाभ, श्री अन्न जननद्रव्य, उनकी विविध उत्पादन विधियां, श्री अन्न आधारित मूल्य शृंखला विकास के विशिष्ट पहलू, ई-व्यापार मंचों के माध्यम से श्री अन्न के व्यावसायिक अवसर, समावेशी श्री अन्न मूल्य शृंखला विकास की अवधारणाओं पर विषय-विशेषज्ञों के द्वारा 40 प्रतिभागियों के साथ चर्चा की गई। भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के डॉ. रफी, डॉ. सुरजीत विक्रमन, डॉ. संगप्पा, डॉ. नित्या श्री ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समन्वय किया।

## समझौता ज्ञापन

सं.प्रौ.प्र.ए., भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं के माध्यम से नवंबर, 2023 के दौरान भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं में निम्नलिखित करार ज्ञापन/समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। भाश्रीअनुसं की ओर से भाश्रीअनुसं के निदेशक डॉ. सी तारा स्त्यवती ने समझौतों पर हस्ताक्षर किए। करार ज्ञापन/समझौते के विवरण निम्नानुसार है :

| लाइसेंसधारी | करार/समझौते का प्रयोजन | दूसरे दल के हस्ताक्षरकर्ता | करार तिथि | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| न्यूट्रिहनी फ्लेक्स एलएलपी | रागी पोहा तथा रागी ऊर्जा बार हेतु लाइसेंस | सुश्री के वी एन प्रसूना, संस्थापक | 06 नवंबर, 2023 | डॉ. पी संजना रेड्डी तथा जे स्टेनली |
| डॉ. वाईएस परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी, हिमाचल प्रदेश | छात्र अनुसंधान सहित सहयोगात्मक अनुसंधान एवं प्रमोशन | डॉ. इंद्र देव, निदेशक विस्तार. शिक्षा | 14 नवंबर, 2023 | डॉ. आर मधुसूदन और जे स्टेनली |
| मल्लारेड्डी विश्वविद्यालय, हैदराबाद, तेलंगाना | छात्र अनुसंधान | डॉ. ए राजा रेड्डी, डीन कृषि | 16 नवम्बर, 2023 | डॉ. ए वी उमाकांत तथा अमसिद्ध बी |

## ऑनलाइन व प्रत्यक्ष बैठक/कार्यशाला/प्रशिक्षण/सम्मेलन में सहभागिता

| क्र.सं. | पदाधिकारी का नाम | बैठक/सम्मेलन | स्थल/आयोजक/प्रयोजन | विधि | तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सी तारा सत्यवती | "कृषि व्यवसाय क्षेत्र में भारत-ब्राजील संबंधों की संभावनाएं और भविष्य" पर संगोष्ठी | भारत में ब्राज़ील दूतावास, नई दिल्ली द्वारा होटल शांगरी-ला, नई दिल्ली में आयोजित | प्रत्यक्ष | 02 नवंबर 2023 |
| 2 | सी तारा सत्यवती, बी दयाकर राव, सी संगप्पा, तथा ए श्रीनिवास | नई दिल्ली में वैश्विक खाद्य कार्यक्रम "वर्ल्ड फूड इंडिया 2023" | प्रगति मैदान, नई दिल्ली में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं प्रदर्शनी स्टॉल लगाने में समन्वय | प्रत्यक्ष | 3-5 नवंबर 2023 |
| 3 | सी तारा सत्यवती | ग्वाटेमाला विदेश मंत्रालय के साथ विदेश मंत्रालय के सचिव (पूर्व) की बैठक | कृषि मंत्रालय एवं किसान कल्याण, नई दिल्ली, भारत का प्रतिनिधित्व किया तथा ग्वाटेमाला में श्री अन्न उगाने की संभावना के बारे में चर्चा की और महर्षि के साथ वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं कैसे सहायता कर सकता है। | प्रत्यक्ष | 4 नवंबर 2023 |
| 4 | सी तारा सत्यवती | उप महानिदेशक (फसल विज्ञान) की अध्यक्षता में फसल विज्ञान के बजट की समीक्षा हेतु ऑनलाइन बैठक | भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के बजट स्थिति पर प्रस्तुति | ऑनलाइन | 06 नवंबर 2023 |
| 5 | सी तारा सत्यवती | इंडस्ट्री मीट 2023 : आईआईआरआर प्रौद्योगिकियों व सेवाओं का प्रदर्शन | भाकृअनुप-भाचाअनुसं, हैदराबाद | ऑनलाइन | 07 नवंबर 2023 |
| 6 | सी तारा सत्यवती एवं भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के 25 वैज्ञानिक | श्री अन्न का अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन-ओडिशा | कृषि एवं खाद्य उत्पादन निदेशालय, ओडिशा सरकार, भुवनेश्वर | प्रत्यक्ष | 10 नवंबर 2023 |

## आभासी बैठकों / प्रशिक्षणों / कार्यशालाओं / संगोष्ठियों में सहभागिता

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 7 | सी तारा सत्यवती | सचिव (डीएआरई) और महानिदेशक (भाकृअनुप) की अध्यक्षता में भाकृअनुप संस्थानों और भाकृअनुप-एटीएआरआई के सभी निदेशकों, वैज्ञानिकों के साथ चर्चा बैठक | भाकृअनुप, नई दिल्ली | ऑनलाइन | 17 नवंबर 2023 |
| 8 | सी तारा सत्यवती | आसियान - जकार्ता, इंडोनेशिया में श्री अन्न महोत्सव | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली | प्रत्यक्ष | 22 नवंबर 2023 |
| 9 | सी तारा सत्यवती | श्री अन्न संवर्धन कार्यक्रम - "अंतर्राष्ट्रीय श्री अन्न वर्ष-2023: हैदराबाद इंस्टीट्यूशनल हब द्वारा श्री अन्न संवर्धन" पर सभी स्थानीय भाकृअनुप संस्थान के प्रतिनिधियों और अन्य संस्थान प्रमुखों/ प्रतिनिधियों के साथ बैठक | भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, न्यूट्रीहब, हैदराबाद | प्रत्यक्ष | 24 नवंबर 2023 |
| 10 | सी तारा सत्यवती | सीडीबी आरओ द्वारा आयोजित भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान के वैश्विक उत्कृष्टता केंद्र की समीक्षा | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री,<br>भारत सरकार, नई दिल्ली | ऑनलाइन | 24 नवंबर 2023 |
| 11 | सी तारा सत्यवती | भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद की यात्रा के दौरान आईसीआईसीआई समूह के अध्यक्ष के साथ चर्चा | भाकृअनुप-भाश्रीअनुसं, हैदराबाद | प्रत्यक्ष | 24 नवंबर 2023 |
| 12 | सी तारा सत्यवती | न्यूट्रिशन सोसायटी ऑफ इंडिया का 55वां वार्षिक सम्मेलन<br>"श्री अन्न के स्वास्थ्य लाभ" पर पैनल चर्चा | आईसीएमआर- राष्ट्रीय पोषण संस्थान, हैदराबाद | प्रत्यक्ष | 25 नवंबर 2023 |
| 13 | सी तारा सत्यवती व भाश्रीअनुसं, हैदराबाद के सभी वैज्ञानिक एवं तकनीकी कर्मचारीगण | अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज सम्मेलन (आईएनसीसी) 5.0, विषय "2023 व उससे से परे श्री अन्न को मुख्यधारा में लाना" | नोवोटेल, एचआईसीसी, हाई -टेक सिटी, हैदराबाद, भारत | प्रत्यक्ष | 27-28 नवंबर, 2023 |

IIMR
भाकृअनुप-भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान
ICAR-Indian Institute of Millets Research

nutri hub
Innovation | Technology | Business

INTERNATIONAL YEAR OF MILLETS 2023


संकलन एवं संपादन
**डॉ. महेश कुमार, डॉ. के वी राघवेन्द्र राव,**
**डॉ. जिनु जेकब तथा डॉ. वी वेंकटेश भट**
फोटो, अभिकल्पना तथा रूपरेखा
**एच एस गावली**
प्रकाशक एवं मुख्य संपादक
**निदेशक,**
**भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान**


## भाकृअनुप - भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान

### बाजरा, ज्वार तथा लघु श्री अन्न पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना


**मुख्यालय - राजेन्द्रनगर, हैदराबाद-500053**
दूरभाष : 040-24599300
फैक्स : 040-24599304 ई-मेल : mil-lets.icar@nic.in वेबसाइट : www.millets.res.in

**रबी ज्वार केंद्र (भाश्रीअनुसं)**
राष्ट्रीय राजमार्ग-9, बायपास, शेल्गी,
सोलापुर-413006 (महाराष्ट्र)
दूरभाष : 0217-2373456 फैक्स : 0217-2373456
ई-मेल : solapur@millets.res.in
वेबसाइट : www.millets.res.in

**ज्वार गैर-मौसमी पौधशाला, वरंगल**
प्रभारी अधिकारी,
भारतीय श्री अन्न अनुसंधान संस्थान, आरएआरएस
(पीजेटीएसएयू) मुलुगू रोड, वरंगल